क्रमांक - 1- "मतदाता जागरूकता सप्ताह"
(18 जु० से - 25 जुलाई - 2023)

(1) महाविद्यालय मे गठित चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा आयोजित बैठक दिनांक 18-7-2023 के क्रम में दिनांक 19 जुलाई-2023 से दिनांक 25 जुलाई तक महाविद्यालय के युवा छात्र/छात्रा जिनकी उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है ऐसे सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में उनका पंजीयन अवश्य करा लेना सुनिश्चित किया जाय।

इस उद्देश्य से आकांक्षी जिला चन्दौली के पुरुष/महिला मतदाता में अंतर के प्रतिशत को समतुल्य बनाने हेतु महिला मतदाता को वोटर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु युवा अपनी अहम भूमिका निभा सकता है।

अतः महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक बन्धुओं से यह अपील की गयी कि इस जागरूकता सप्ताह में अपने कक्षा संचालन के समय मतदाता जागरूकता विषय पर अवश्य चर्चा परिचर्चा के माध्यम से छात्र/छात्राओं को जागरूक किया जा सकता है।

(2) महाविद्यालय विभिन्न सामाजिक विषय मे छात्रो द्वारा मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित विविध टापिक पर प्रोजेक्ट तैयार कराया गया।

(3) महाविद्यालय के रा० से० यो० के स्वयं सेवक छात्र छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक भी किया गया।

(4) स्नातक छात्र/छात्राओं से मतदाता जागरूकता पर आकर्षक पोस्टर प्रतियोगिता हेतु तैयार कराया गया है।

(5) युवा सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने में सहज रहते है अतः वोटर हेल्पलाइन एप तथा वोटर सर्विस पोर्टल को प्रमोट करने में मतदाता साक्षरता क्लब के सम्मानित छात्र विनोद विश्वकर्मा, आशीष गुप्ता, मुचकुन्द राय, जागरूकता सप्ताह के दौरान वाचनालय में प्रत्येक शुक्रवार शनिवार को दोपहर 2:30 से 3:30 तक छात्र छात्राओं को जागरूक करने का कार्यशाला चलाते रहेंगे।

प्राचार्य
सकलडीहा पी०जी० कालेज
सकलडीहा-चन्दौली

क्रमांक-2

## भाषण प्रतियोगिता

### "सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम"

दिनांक 9 नवम्बर 2023 को चन्दौली जनपद के चकिया तहसील स्थित देवदरी-राजदरी, मुसाखाँड़, कोइलरवा गाँव के भौगोलिक अध्ययन यात्रा पर गये छात्र छात्राओं द्वारा पहाड़ी क्षेत्र के सुदूर गाँवों में महिला तथा पुरुष मतदाताओं को अधिक-से अधिक संख्या में उनको मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया तथा ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी-2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है वह भी तथा ऐसे मतदाता जिनका किन्ही कारण वश मतदाता फोटोयुक्त सूची में नाम नही दर्ज है वह अपने बूथ लेवल अधिकारी (B.L.O) के माध्यम से अथवा सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर अपने मोबाइल में वोटर हेल्प लाइन एप तथा वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से घर बैठे अपना नाम मतदाता सूची में रजिस्टर्ड करा सकते हैं। ग्रामीणों ने बखूबी इसके महत्व को समझा तथा इसमें अपनी रुचि दिखाई।

भ्रमण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में देवदरी राजदरी विश्राम गृह पर एक जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसके मुख्यवक्ता प्रो० महेन्द्र प्रताप सिंह, डा० सुशील सिंह डा० विकास जायसवाल, अल्पना पाण्डेय, सौम्या सिंह, मुचकुन्द राय आदि छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे। गोष्ठी का संचालन डा० अनूप कुमार वर्मा ने किया।

Seen

17/11/23

प्राचार्य
सकलडीहा पी०जी० कालेज
सकलडीहा-चन्दौली

क्रमांक - 3 - निबन्ध प्रतियोगिता

मतदाता जागरूकता —

महाविद्यालय के युवा छात्र-छात्राओं में मतदाता जागरूकता विषय पर उनके योगदान, शिक्षित युवा मतदाता सूचना प्रौद्योगिकी का सहज उपयोग कर के किस प्रकार से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को उनकी मदद कर सकता है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पुरुष / महिला मतदाता में अन्तर, महिलाओं में मतदान के प्रति रुचि न दिखाना और इसका प्रभाव भारतीय राजनीति में सक्रिय भूमिका में योगदान, महिलाओं के मान, सम्मान, अधिकार से सम्बन्धित बिन्दुओं को सम्मिलित करते हुए महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर इस निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लिए। यह निबन्ध प्रतियोगिता राजनीतिशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डा० पवन कुमार ओझा ने अपनी अहम भूमिका निभाई तथा उनके निर्देशन में कुल 67 छात्र छात्राओं ने निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता के निर्णायक डा० अनिल कुमार तिवारी डा० योगेन्द्र तिवारी तथा डा० मनीष राय जी थे। -

प्रतियोगिता परिणाम -

1 - प्रथम → विनोद विश्वकर्मा

2 - द्वितीय - शरद जायसवाल

3 - तृतीय → राधिका यादव

डा० मनीषराय डा० योगेन्द्र तिवारी डा० अनिल तिवारी

प्रतियोगिता संयोजक - डा प्रीतम उपाध्याय

डा० पवन कुमार ओझा

Seen
12/12/23

प्राचार्य
सकलडीहा पी०जी० कालेज
सकलडीहा-चन्दौली

(4) "सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता संवाद एवं गोष्ठी"

दि० 9 नवम्बर 2023 को स्नातकोत्तर भूगोल विषयक अध्ययन यात्रा आकांक्षी जिला चन्दौली तहसील चकिया के पर्यटन एवं दर्शनीय स्थल अलौकिक भौगोलिक दशाओं को समेटे अनुपम छटा बिखेरता देव दरी राजदरी प्रपात, मुसाखाड़, लतीफ शाह, तथा कोइलरवा गाँव में गये छात्रों ने वहाँ के भौगोलिक अध्ययन के साथ-साथ महाविद्यालय के द्वारा संकल्पित भारतीय लोक तंत्र में आम मतदाताओं की भूमिका एवं महत्व को जनाने बताने कोइरारवा गाँव के भोली-भाली जनता से अधिक-से अधिक संख्या में मतदान एवं नये मतदाताओं को मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज करवाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकीय संसाधन का उपयोग अर्थात मोबाइल से मतदाता हेल्पलाइन एप के माध्यम से घर बैठे आप कैसे मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसकी एक कार्यशाला कोइलरवा के प्रसिद्ध हनुमान मन्दिर पर चलाया गया। जिसमें ग्रामीण युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा अपने गाँव के 1 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष पूर्ण कर रहे मतदाता को आवश्य जोड़ने की बात कही।

यात्रा का द्वितीय सत्र पर मतदाता जागरूकता पर एक युवा व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता भूगोल प्रभारी प्रो० महेन्द्र प्रताप सिंह डा० सुशील सिंह डा० विकास जायसवाल, तथा छात्र - मुचकुन्द राय, आशीष गुप्ता कल्पना पाण्डेय, सौम्या यादव ने भारतीय लोकतंत्र में युवा मतदाता की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन डा० अमित कुमार वर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन अमित कुमार सैनी ने किया।

Seen
1/11/23

प्राचार्य
सकलडीहा पी०जी० कालेज
सकलडीहा-चन्दौली

क्रमांक - 5 "मतदाता पंजीयन कार्यशाला एवं गोष्ठी"

दिनांक 15 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय के सभागार में सकलडीहा तहसील के न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अरुण कुमार गुप्ता की उपस्थिति में महाविद्यालय के शत-प्रतिशत युवा मतदाता जिनकी उम्र 1-जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं उनका नाम फोटो युक्त मतदाता सूची में जोड़ने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का भरपूर प्रयोग व्यवहार में लाकर आसानी से किया जा सकता है। तथा युवा अपना-अपने परिवार तथा गाँव आस पास के लोगों को जागरूक कर सके इसके लिए मोबाइल द्वारा मतदाता हेल्प डेस्क तथा मोबाइल एप डाउन लोड करना का उनको प्रशिक्षित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने विशेष रुचि दिखाई।

पंजीयन कार्यशाला के पश्चात कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पाण्डेय जी रहे। तथा विशिष्ट वक्ता तहसीलदार सकलडीहा, उपप्राचार्य प्रो० पी.के. सिंह, प्रो० शमीम राइन जी थे।

वक्ताओं ने जनपद चन्दौली के महिला-पुरुष मतदाता के भारी अन्तर को कम करने तथा भारतीय लोकतंत्र की मजबूती प्रदान करने में युवाओं के भूमिका पर विशेष बल दिया।

[signatures]

17/12/23

प्राचार्य
सकलडीहा पी०जी० कालेज
सकलडीहा-चन्दौली

(6) "महाविद्यालय के नये मतदाता पंजीकरण हेतु तीन दिवसीय कैम्प"

दिनांक 29.11.2023 से 1.12.2023 तक उपजिलाधिकारी (बी०एल०ओ०) द्वारा महाविद्यालय परिसर में विशेष कैम्प लगाकर फार्म 6 के माध्यम से मतदाता पंजीकरण का अवसर दिया गया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने अपना फार्म भर कर B.L.O. को सौंपे तथा शेष बचे विद्यार्थियों हेतु पुनः विशेष कैम्प लगाने का आश्वासन उपजिलाधिकारी सकलडीहा ने दिया।

कैम्प का उद्घाटन उपजिलाधिकारी श्री आयुष मिश्रा एवं प्राचार्य प्रो० प्रदीप कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर चन्दौली जनपद के मतदाता जागरूकता आईकान श्री सचिन सिंह भी उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के ए०पी०जे० अब्दुल कलाम आजाद कक्ष में एक मतदाता जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी सकलडीहा ने महाविद्यालय के छात्र-छात्रा विशेष कर छात्राओं से अपील किया कि आप महिलाओं को घर परिवार रिश्तेदार से वार्तालाप कर महिलाओं के विविध समस्या का सरल समाधान उनका शत प्रतिशत मतदान बताया कि भारतीय लोकतंत्र में आप कि सहभागिता, आप के मौलिक अधिकार नारी सशक्तिकरण, महिला आरक्षण, वर्तमान समय में प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं का शिर्ष पर पहुँचना उनके मतदान में भाग लेने से ही सम्भव हो पाया है। प्राचार्य ने अपने आह्वान में कहा कि आज यदि छात्राएँ अधिक से अधिक विशेष कर महाविद्यालय की शत-प्रतिशत छात्राएं जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 तक अठारह वर्ष पूर्ण कर रही हैं, वह अवश्य ही अपना नाम फोटो युक्त मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाने का कार्य करें। तथा इसका पास-पड़ोस घर परिवार में चर्चा कर कार्यशाला से दीक्षा प्राप्त कर आसानी से उनको मतदाता बनाने में मदद कर सकती हैं। तथा आकांक्षी जिला जनपद चन्दौली के खेत का विषय बना पुरुष के अपेक्षा महिला की कम भागीदारी को मीटा कर आगामी चुनाव में चन्दौली की महिला मतदाता नया कीर्तिमान स्थापित कर सकती हैं। आप की जागरूकता एवं प्रशिक्षण से महाविद्यालय मैं गौरवान्वित महसूस करेगा।

प्राचार्य
सकलडीहा पी०जी० कालेज
सकलडीहा-चन्दौली